डीएम ने आर्ट गैलरी में युवा महोत्सव का किया उद्घाटन



बेगूसराय (आससे)। जिलाधिकारी रिची पान्डेय में दो दिनों तक चलने वाले जिलास्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। खबर के अनुसार आर्ट गैलरी कंकौल के प्रेक्षागश्ह में आयोजित उद्घाटन समारोह में उपविकास आयुक्त आकाश चौधरी, जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू कुमार एवं जिला कला एवं संस्कश्ति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति से हुई। इस अवसर पर ईशा एवं उनकी टीम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री रिची पांडेय ने कहा कि युवा उत्सव का उद्देश्य युवाओं की कलात्मक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को सशक्त मंच प्रदान करना है। कला एवं संस्कृति मानव के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। बेगूसराय की धरती कला और साहित्य के क्षेत्र में समश्द्ध रही है तथा यह राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मभूमि है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व के युवा देशों में अग्रणी है और युवाओं के कंधों पर ही देश का भविष्य टिका है। युवाओं को अपनी सकारात्मक ऊर्जा समाज एवं राष्ट्रहित में लगाते हुए लक्ष्य निर्धारित कर उसके प्रति समर्पित रहना चाहिए। युवामहोत्सव में समूह लोकनश्त्य, समूह लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, शास्त्रीय गायन, वादन एवं नश्त्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। दृश्य कला के अंतर्गत चित्रकला, मूर्तिकला एवं फोटोग्राफी तथा साहित्यिक विधाओं में कविता लेखन, कहानी लेखन एवं वक्तश्ता प्रतियोगिता शामिल हैं। समूह लोकगीत, समूह लोकनश्त्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं कविता लेखन की प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित होंगी, जबकि अन्य विधाओं की प्रतियोगिताएं जिला स्तर तक सीमित रहेंगी।

उत्सव के प्रथम दिन एकल नश्त्य, समूह नश्त्य, एकल गायन, समूह गायन, फोटोग्राफी, मूर्तिकला, हस्तशिल्प, चित्रकला, कविता लेखन एवं कहानी लेखन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नश्त्य विधा में राजचंद्र ठाकुर, कृष्ण मोहन गिरी एवं श्रीमती सोनी कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। गायन विधा में डॉ. मनोहर गोपाल, डॉ. सुप्रिया कुमारी एवं किशोरी मिश्रा निर्णायक रहे। कविता एवं कहानी लेखन में डॉ. सच्चिदानंद पाठक, निरंजन कुमार एवं श्री राम सुंदर गांधी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वहीं चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी एवं हस्तशिल्प में इंद्र मोहन प्रसाद, मनीष कौशिक एवं प्रवीण कुमार ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का।

शिक्षक नेता डा.सुरेश प्रसाद राय की जीत पर शिक्षक-बुद्धिजीवियों में हर्ष व्याप्त, दी बधाई

बेगूसराय शि०प्र० (आससे)। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश प्रसाद राय की दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से मिली जीत पर शिक्षक के साथ बुद्धिजीवियों में खुशी की लहर व्याप्त हो गयी है। बतादें कि २३ अक्टूबर को दरभंगा स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के हुए द्विवार्षिक चुनाव का परिणाम २७ अक्टूबर को दरभंगा में हुए मतों की गिनती के बाद देर रात घोषित किया गया। डॉ. राय ने निवर्त्तमान विधान पार्षद डॉ. मदन मोहन झा को अच्छे खासे मतो से पराजित कर प्रतिष्ठा मूलक इस सीट पर कब्जा जमाया। डॉ. राय की जीत पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार बिहार युवा अधिवक्ता कल्याण समिति के पूर्व महामंत्री गोपाल कुमार, वरीय अधिवक्ता पत्रकार अशोक कुमार राय प्रशन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि जिले को शिक्षा के क्षेत्र में पुराने प्रतिष्ठा लाने में वे अहम किरदार बनेंगें। इधर जिला माध्यमिक शिक्षक संघ बेगूसराय के अध्यक्ष उमानंद चौधरी, जिला सचिव रणजीत कुमार, सदस्य राज्य कार्य समिति डॉ. सुदर्शन कुमार सहित जिला माध्यमिक शिक्षक के सभी स्तर के



पदाधिकारियों ने दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं और शुभेच्छुओं को आभार व्यक्त किया तथा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शुभकामना देते हैं। शुभकामना देने वालों में जिला माध्यमिक शिक्षक संघ बेगूसराय के उपाध्यक्ष भगीरथ प्रसाद राय,मंजू सिंह, सदस्य राज्य कार्य समिति डह सुदर्शन कुमार, संयुक्त सचिव डॉ. अर्चना, गणेश झा, सुशील कुमार चौधरी, अपूर्व घोष, कंचन कुमारी, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य चंद्र भूषण प्रसाद सिंह, अरुण कुमार हरि, नीरज कुमार मूल्यांकन परिषद अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन, सचिव सुधीर सिंह, कोषाध्यक्ष फैजुर रहमान, मुंगेर प्रमंडल संयुक्त सचिव डॉ मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष वकील अहमद अंसारी,यादवेश सिंह मिडिया प्रभारी साकेत रंजन भारती, राजेन्द्र नारायण सिंह, अवध किशोर सिंह, सहित सभी शिक्षकों बधाई और शुभकामना दी है।

रेल पटरी पर पड़े शव को जीआरपी ने किया बरामद

बछवाड़ा(आससे)। बछवाड़ा-बरौनी रेल खंड के शिवूरोल गाँव के समीप गुमती संख्या १८ के पास रेल पटरी पर एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक व्यक्ति की पहचान गोधना वार्ड सख्या चार निवासी स्व. राम दुष्ण महतों के ४५ वर्षीय पुत्र राम सगुन महतों के रूप में की गयी है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते हैः-

कार्य का नामः- उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के महारानी पश्चिम-दीन दयाल उपध्याय खंड में, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पावर सप्लाई इंस्टॉलेशन की क्षमता बढ़ाने के काम के लिए, EPC मोड पर 2x25 KVAT ट्रैक्शन फीडिंग सिस्टम हेतु ट्रैक्शन सब-स्टेशनों और उनसे जुड़े स्विचिंग पोस्ट की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। ई-निविदा सूचना संख्याः EPC-PSI-MWP-DDU-NER, अनुमानित लागतः ₹ 2,00,33,74,545/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 4,00,67,500/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 10-12-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 24 महीने।

• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट, लखनऊ
मुजाधि/विद्युत-244

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्याः ईएल/50/दानापुर/खुली/24/2026-27


मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑन लाईन ई-निविदा** (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर /खुली/24/2026-27 (1) कार्य का नामः** दानापुर, पटना और झाझा में रेलवे कॉलोनी क्षेत्र की सड़कों पर सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाकर वहां रोशनी की व्यवस्था करना। **(2) अनुमानित लागतः** रू० 7,21,47,504.00 **(3) अग्रधन राशि :** रू० 14,43,000/- **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 18.11.2026** को **12.00** बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा० का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।

नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/दानापुर
पीआर/1204/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/26-27/44

अधिकार कुमार प्रिंस एनटीपीसी बरौनी के मैनेजर का कार्यभार संभाला

बेगूसराय (आससे)। उर्जा के क्षेत्र में न सिर्फ जिले को बल्कि राज्य को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में अहर्निश सेवा दे रहे सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी ईकाई बरौनी को मिला उर्जावान



मैनेजर (प्रबंधक) कुमार प्रिंस । बतादें कि एनटीपीसी प्रबंधन ने पिछले दिनों कुमार प्रिंस को राष्ट्रकवि दिनकर की धरती पर अवस्थित इस इकाई (एनटीपीसी, बरौनी) कुमार प्रिंस को बतौर युनिट का मैनेजर के पद पर तैनात किया था। आदेशानुसार कुमार प्रिंस ने इकाई का पदभार ग्रहण कर कारखाना के उज्जवल भविष्य की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है।

डीएम ने जिला उद्योग टास्क फोर्स के कार्यो की समीक्षा की

बेगूसराय (आससे)। जिला स्तरीय बैठक में समिति एवं जिला उद्योग टास्क फोर्स की बैठब में जिलाधिकारी रिची पान्डेय ने जिले में संचालित विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्योग प्रोत्साहन योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने बैंकों में लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन, पात्र लाभुकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल ४१२ आवेदन अग्रसारित किए गए हैं। इनमें से १३० आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस उपलब्धि के साथ जिले की स्वीकृति दर ३६.२१ प्रतिशत रही है और बिहार में जिले को नौवां स्थान प्राप्त हुआ है।

वहीं, १०३ मामलों में ऋण राशि का वितरण किया गया है, जिससे वितरण दर २८.६६ प्रतिशत रही और जिला राज्य स्तर पर १२वें स्थान पर रहा। योजना के तहत विभिन्न बैंकों में २४१ आवेदन लंबित पाए गए। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि योजना से संबंधित प्रतिवेदन में स्वीकृत एवं वितरित आवेदनों के साथ-साथ अस्वीकृत आवेदनों का विवरण भी स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों के माध्यम से कुल १,२६१ आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें प्रथम चरण में १,०१३ तथा द्वितीय चरण में ६५४ आवेदनों की अनुशंसा की जा चुकी है, जबकि ४११ आवेदनों को तृतीय चरण में अंतिम स्वीकृति मिली है। बैंकों को भेजे गए १६६ आवेदनों में से ७२ को स्वीकृति प्रदान की गई है और ६२ लाभुकों को ऋण वितरित किया जा चुका है। वहीं, १० आवेदन विभिन्न बैंकों में लंबित हैं तथा ११० आवेदन बैंकों द्वारा अस्वीकृत किए गए हैं।

मुखिया ने चयनित आशा कार्यकर्त्ताओं को नियुक्ति पत्र देते हुए निष्ठा के साथ कार्य करने को कहा

साहेबपुरकमाल(आससे)। सनहा पश्चिम पंचायत की मुखिया पूनम देवी ने एकस सादे समारोह में चयनित आशा कार्यकर्त्ताओं को नियुक्ति पत्र थमाते हुए ईमानदारी, पूर्वक निष्ठा के साथ कार्य संवादन करने को कहा। बतादें २५ सितंबर २०२५ को ग्रामसभा से पारित चयन प्रक्रिया के आधार पर रूबी कुमारी, किरण कुमारी, भारती कुमारी, कहकशां बानो, रूपा कुमारी और श्वेता कुमारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं के शेष नियुक्ति पत्र जारी करने का मामला भी उठा। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मी रतन कुमार (डीसीएम) ने बताया कि जिला स्तर पर प्रक्रिया लंबित रहने के कारण कुछ नियुक्ति पत्र जारी होने में विलंब हो रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर शेष चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र और कोड उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व प्रमुख



मनोज कुमार ने चयनित आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया भ्रष्टाचारमुक्त रही है और शेष अभ्यर्थियों को भी उनका नियुक्ति पत्र मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के लिए किसी भी बिचौलिए को पैसे देने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम में सरिता कुमारी, नर्स बिंदु कुमारी, आशा कार्यकर्ता पूनम देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्याः ईएल/50/दानापुर/खुली/25/2026-27

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑन लाईन ई-निविदा** (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर /खुली/25/2026-27 (1) कार्य का नाम :** दानापुर मंडल के अंतर्गत बिना बिजली वाले हॉल्ट स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म क्षेत्र को रोशन करने के लिए सोलर लाइट की व्यवस्था। **(2) अनुमानित लागतः** रू० 7,06,35,360.00 **(3) अग्रधन राशि :** रू० 14,12,700/- **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 18.11.2026** को **12.00** बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा० का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।

नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/दानापुर
पीआर/1203/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/26-27/44

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, सुबोध कुमार, पिता-स्व. विजय कुमार लाल, निवासी-फ्लैट नं.-0-102, शु-शारदा रेसिडेंसी, पश्चिमी पटेल नगर, नियर सोना मेडिकल हॉल, जिला-पटना-800023, बिहार, द्वारा यह घोषणा करता हूं कि मैंने अपने पुत्र का नाम Ishitw Kashyap से परिवर्तित कर Ishitva Srivastava कर दिया हूं। भविष्य में मेरा पुत्र Ishitva Srivastava के नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। शपथ पत्र संख्या 5348, दिनांक 26.10.2026

शपथ पत्र

मैं, आकांक्षा रानी बर्नवाल पिता-श्री संजय कुमार प्रसाद ग्राम+पो.-सासामुसा एनएच-28, जिला-गोपालगंज बिहार शपथ पत्र संख्या-81675, दिनांक 27.10. 2026 के द्वारा घोषणा करती हूं कि आकांक्षा रानी बर्नवाल उर्फ धारा बर्नवाल दोनों नामों से जानी और पहचानी जाती हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 559667384 में मेरा नाम आकांक्षा रानी बर्नवाल है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम धारा बर्नवाल है।
9/600/26

नाम परिवर्तन

मैं, पूनम तिवारी, पति-बबलू तिवारी, निवास ग्राम-कुअवा, पो.-काशी पकड़ी थाना-राजेपुर जिला-पूर्वी चम्पारण (बिहार) शपथ पत्र सं.-2062 ता. 6.10. 26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम सुदेहिमा कुंवर दर्ज हो गया है, जो गलत है। अब मैं पूनम तिवारी के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।
CM-6757

शपथ पत्र

मैं,अनन्या रानी बर्नवाल पिता श्री संजय कुमार प्रसाद ग्राम+पो.-सासामुसा एनएच-28, जिला-गोपालगंज बिहार शपथ पत्र संख्या-81676, दिनांक 27.10. 2026 के द्वारा घोषणा करती हूं कि अनन्या रानी बर्नवाल उर्फ प्रांजली बर्नवाल दोनों नामों से जानी और पहचानी जाती हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 559667385 में मेरा नाम अनन्या रानी बर्नवाल है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम प्रांजली बर्नवाल है।
9/600/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

सड़क पर धान का पुआल-ढैंचा पसार कर दुर्घटना को दे रहा दावत

छौड़ाही (आससे)। प्रखंड क्षेत्र में मुख्य सड़क से लेकर ग्रामीण सड़कों पर कुछ और सामाजिक लोगों के द्वारा धान का पयार और धैचा पसार कर खतरे को दावत दे रहा है। दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन सड़क हादसा का शिकार हो रहा है। वाहन सवार के द्वारा स्थानीय लोगों को इसकी शिकायत करने पर उल्टे वाहन सवार राहगीरों के साथ गाली गलौज किया जाता है। इसकी शिकायत समाजसेवी एकंबा गांव निवासी अतुल कुमार गुप्ता ने आंचल प्रशासन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से अपने स्तर से इस समस्या को दूर करने एवं ऐसे व्यक्ति पर कार्रवाई करने को लेकर लिखित शिकायत किया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रिया कुमारी ने जानकारी देते बताया कि जांच कर ऐसे व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी और सड़क को इस समस्या से मुक्त किया जाएगा।

NAME CHANGE

I, BIPIN KUMAR, S/o DEENA NATH PASWAN, aged about 34 years, resident of Village Khamhar, Ward No- 01, P.O- Khamhar, P-S- & Mufassil, District & Begusarai, Bihar 851131, have changed my name from BIPIN KUMAR to PREM KUMAR. I shall henceforth be known, called and identified as PREM KUMAR for all purposes and in all records/documents. Affidavit No-: 5746, Date: 14.08.2026

NAME CHANGE

I, FULI DEVI, Wife of RAJA RAM PASWAN, and Daughter of GORAKH PASWAN, aged about 48 years, resident of Village & Khamhar, Ward No- 01] P-O- Khamhar, P-S- Mufassil, District & Begusarai, State Bihar 851131, have changed my name from FULI DEVI to BABITA DEVI. I shall henceforth be known and identified as BABITA DEVI for all purposes. This is to inform the public and all concerned that the change of name has been made pursuant to my affidavit sworn before the Notary Public, Begusarai, vide Affidavit No- 5744 dated 14.08.2026.

छात्रों की शिकायत पर एक्शन मूड में आया दुरसंचार विभाग



छौड़ाही (आससे)। प्रखंड क्षेत्र में छात्रों एवं साइबर कैफे वालों को एयरटेल जिओ का नेटवर्क नहीं रहने पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उतना ही नहीं जितने उपभोक्ता हैं उन्हें भी एयरटेल और जिओ कंपनी वाले के द्वारा किए जा रहे लापरवाही का खामयजा भुगतना पड़ रहा है। इसे लेकर इब्राहिमपुर गांव निवासी विवेक कुमार के द्वारा दूरसंचार विभाग को लिखित शिकायत किया गया। शिकायत सुनते ही दूरसंचार विभाग एक्शन मूड में आकर बुधवार को इब्राहिमपुर गांव १० सदस्य टीम के साथ पहुंचकर जांच किया गया ह निरंजन कुमार अनमोल कुमार अमित कुमार राम शोभा सिंह रणविजय कुमार चिंटू कुमारसमेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने शिकायत की पुष्टि किया है। पत्रकारों को जानकारी देते दूर संचार विभाग पटना निर्देशक सतीश कुमार ने बताया कि यहां के जांच किया जा रहा है लापरवाही बरतने वाले मोबाइल टावर कंपनी पर कार्रवाई की जाएगी।

न्यायालय,
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय पटना
भरण-पोषण संख्या- 16/26
मोनु कुमारी वगैरह ....पेटीसनर
बनाम
प्रदीप कुमार ....अपोजिट पार्टी

नोटिस बनाम : प्रदीप कुमार उम्र-45 वर्ष पिता मुरलीधर यादव साकिन-वार्ड नंबर-5 छरापट्टी थाना-साहेबपुर कमला, जिला-बेगुसराय (बिहार)। पिन कोड नंबर 851217

चूंकि बजरीय नोटिस हाजा के द्वारा आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में भरण-पोषण वाद दाखिल किया है, जिसमें आप के पास कोर्ट नजारत एवं पोस्टल डाक के द्वारा सम्मन भेजा गया। उसके बावजूद भी आप अभी तक मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अतः इस प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक: 06.11. 2026 को समय 10:30 बजे सुबह में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर जो कुछ उजुर वो एतराज करना है वो करें। वरना आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी। इसे सख्त ताकिर जानें। आज दिनांक-21.09.2026 को कार्यालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय पटना

अदालत ने दो हत्यारे को सुनायी उम्रकैद की सजा, भरना होगा २५-२५ हजार अर्थदण्ड

बेगूसराय(आससे)। एडीजे-२ ब्रजेश की अदालत हत्या के एक मामले में दोषी पाये गये दो लोगों को सजा की बिन्दु पर मामले की सुनवाई करने के पश्चात उम्रकैद के साथ २५-२५ हजार रू. अर्थदण्ड की सजा दी है। खबर के अनुसार सजावार शहर के रतनपुर निवासी संजीव कुमार पिता चन्द्रशेखर सिंह एवं मारवाड़ी मोहल्ला के अविनाश कुमार उर्फ अवनीश कुमार पिता दिनेश मिश्र पर रतनपुर निवासी रामचन्द्र कुमार उर्फ चिकू पिता अरबिंद कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था। अभियोजन के अनुसार घटना ११ मार्च २०१७ को रतनपुर थाना के भारत गैस एजेन्सी को निकट घटी थी। तब घटना में मारे गये रामचन्द्र अपना जन्म दिन मना रहा था। पुलिस ने मृतक के भाई मनीष कुमार की शिकायत पर घटना में शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा किया था। इधर मामला विचारण के दौरान एपीपी राम प्रकाश यादव के द्वारा अरोप के समर्थन में कुल ७ गवाहों की गवाही न्यायाधीश के समक्ष करवायी थी।

अदालत ने प्राणघातक हमला मामले में दोषी चिमनी मालिक को सुनायी ७ साल की सजा

बेगूसराय (आससे)। एडीजे-८ वेदप्रकाश मोदी की अदालत सजा की बिन्दु पर पक्षकारों की विस्तश्त दलीलें सुनने के पश्चात शाम्हों थाना के अकबरपुर बरारी पंचायत के मुखिया कन्हैया कुमार उर्फ टन्नु पर जानलेवा हमला करने के आरोप में अदालत द्वारा भादवि की धारा ३०७ के तहत दोषी पाये गये मुखिया के ग्रामीण बिजुलिया निवासी चिमनी मालिक सीता राम सिंह पिता रामरक्षी सिंह को २० हजार रू. अर्थदण्ड के साथ ७ वर्षो की सश्रम कारावास की सजा दी है। इससे पूर्व सजा की बिन्दु पर बहस करते हुए बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कम से कम तथा एपीपी मंजू चौधरी ने अधिकतम सजा देने की मांग अदालत से किया। बतादे कि ६ नवम्बर २०२२ को घटी घटना में अदालत बीते सप्ताह चिमनी मालिक को उक्त धारा के तहत दोषी करार दिया था। पुलिस ने मुखिया की शिकायत पर थाने में सीताराम सिंह के साथ उसके बड़े भाई मुरारी सिंह पिता रामरक्षी सिंह, चर्चरा भाई राम कुमार सिंह एवं प्रमोद कुमार उर्फ मैंधन को आरोपित किया था। इधर मामला विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक मंजू चौधरी के द्वारा आरोप के समर्थन में कुल सात गवाहों की गवाही अदालत में करवायी थी। अदालत गवाहों के बयान एवं कागजी सबूत अवलोकन करने तथा दोनों पक्षो की दलीले सुनने के बाद आरोपित सीताराम सिंह को भादवि की धारा ३०७, ३२३, ३४१ के तहत सिद्ध दोष करार देते हुए सजा की बिन्दु पर मामले की सुनवाई करने का आदेश दिया था।

आसनसोल मंडल में विकास संबंधी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

परिशिष्ट

आसनसोल मंडल के खाना-आसनसोल खंड में अंडाल में फुट ओवर ब्रिज स्थापित करने के साथ-साथ दुर्गापुर में आर्च ब्रिज नंबर 396ए को हटाने के लिए, **दिनांक 23.12.2026 (बुधवार)** को मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि उक्त ब्लॉक के कारण निम्नलिखित ट्रेनें भी निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:-


- **पुनर्निर्धारण: 13037 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) 150 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी।
- **मार्ग परिवर्तन: 12260 बीकानेर-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026) को पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-गया-किऊल-भागलपुर-गुमानी-रामपुरहाट-सांइथिया-खाना होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।
- मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें और ट्रेन्स ऑन डिमांड (टीओडी), यदि देर से चल रही हैं, तो सुविधानुसार नियंत्रित की जा सकती हैं। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल

पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को ले निकली कलश शोभा यात्रा

वीरपुर (आससे)। प्रखंड मुख्यालय के पश्चिम पंचायत के वार्ड १० स्थित डेवढी कमरा के प्रांगण से सैकड़ों कन्याओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस संबंध में बताया गया है कि नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम



दिन २८९१०को यज्ञ स्थल पर कलश पूजन के साथ ही साथ सैकड़ों कन्याओं के द्वारा कलशयात्रा आरम्भ कर वीरपुर पश्चिमी,और वीरपुर पूर्वी दोनों पंचायतो के विभिन्न चौक-चौराहे एवं विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंच कर यात्रा की समाप्ति हुई। श्री मद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रवचन कर्ता वैदेही शरण जी के द्वारा संध्या ४ से ६ बजे तक चलेगा। यज्ञ के मुख्य यजमान पूर्व मुखिया पंकज कुमार सिंह, अनिता देवी, शिक्षक प्रभात कुमार, बड़े कुमार सिंह सहित सैंकड़ों महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे यात्रा में शामिल थे।

पूर्व मध्य रेल

ई-खुली निविदा

खुली ई-निविदा सूचना संख्या- एल.-ओपेन - 26-27-19, दिनांक 23.10.2026

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य)/सोनपुर वास्ते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई-निविदा' आमंत्रित करते हैं। खुली ई-निविदा की अंतिम तिथि **दिनांक. 18.11.2026** को **12.30** बजे तक निर्धारित की गई है। खुली ई-निविदा संबंधी निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता हैं।

क्रम सं० (1) कार्य का नाम : सोनपुर मंडल के स्टेशनों पर विद्युत परिसंपत्तियों का उन्नयन से सम्बन्धित कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,07,38,571.00 **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,14,800.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में) :** 00.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार किसी भी समय निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दाबा मान्य नहीं होगा।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (विद्युत/सा०), सोनपुर
पीआर/1196/एसईई/ईएलईसीटी/टी/26-27/36

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

विज्ञापन सं. 05/2026

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर- केन्द्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीजीसीआरआई), कोलकाता के निदेशक के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 05/2026 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 30/11/2026 को अथवा उससे पहले भेजें।

cbc 36202/11/0021/2627